प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में एल्यूमिनाई मीट का आयोजन

पन्तनगर। 16 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के प्लांट फिजियोलॉजी विभाग में आईडीपी नाहेप पन्तनगर एवं एलुमिनाई अल्मामैटर एडवांसमेंट एसोसिएशन (4ए) के संयुक्त तत्वाधान में आज फर्स्ट एल्यूमिनाई मीट 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मण्डल एवं पूर्व छात्र डा. संजय कुमार उपस्थित थे। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गयी।

इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने अपने जीवन के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने एल्यूमिनाईयों से कहा कि पुरानी यादों का ताजा करें और अधिक से अधिक समय छात्र–छात्राओं के बीच में बिताएं जिससे उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने में सफलता मिलेगी। विश्वविद्यालय के सामने आ रही चुनौतियों के बारे में उन्होंने सभी को अवगत कराया और उनके समाधान करने हेतु सहयोग की अपेक्षा की।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष, प्लांट फिजियोलॉजी डा. एस.के. गुरू ने सभी का स्वागत किया। अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. संदीप अरोरा ने कार्यक्रम की रूप–रेखा के बारे में बताया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा पादप कार्यिकी के संस्थापक स्वर्गीय आर.सी. पंत को श्रद्धाजंलि दी गयी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को शाल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा एल्यूमिनाईयों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में 30 से अधिक पादप कार्यिकी के एल्यूमिनाईयों के साथ कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर, अध्यक्ष, 4ए एवं निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, वैज्ञानिक, महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



*कार्यक्रम में संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*




*एल्यूमिनाई को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य अतिथि।*